साहित्य अकादेमी

राजभाषा सप्ताह के अंतर्गत प्रतियोगिताओं का आयोजन

साहित्य अकादेमी द्वारा आयोजित राजभाषा सप्ताह (14–21 सितंबर 2017) के दौरान आज दिनांक 18 सितंबर 2017 को तीन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया :

1. यूनिकोड टंकण प्रतियोगिता
2. श्रुतलेख प्रतियोगिता
3. आशुभाषण प्रतियोगिता

प्रतियोगिताओं में अकादेमी स्टाफ ने उत्साहपूर्वक हिस्सेदारी की। आशुभाषण प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में संस्कृति मंत्रालय में निदेशक (राजभाषा) श्री वेद प्रकाश गौड़ को आमंत्रित किया गया था। उन्होंने अपने संबोधन में सभी प्रतिभागियों को उनकी प्रस्तुति के लिए बधाई दी तथा राजभाषा सप्ताह के अंतर्गत हिंदी के प्रचार–प्रसार के लिए बहुत से सुझाव दिए और कहा कि हिंदी में कार्य करना बहुत ही सरल है, केवल एक बार प्रारंभ करने की आवश्यकता है।